राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

तारीख हुक्म	1069/2017 कालूराम / नन्छुराम हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
02/11/20	प्रार्थीगण/अपीलांटस द्वारा प्रार्थना पत्र शीघ्र सुनवाई प्रस्तुत किये जाने पर आज यह पत्रावली कार्यालय से तलब होकर पेश हुई। पक्षकारान उपस्थित हुये जिनकी पहचान उनके अभिभाषकगणों द्वारा किया गया। अपीलार्थी एवं रेस्पोडेन्ट्स ने अपने अभिभाषकगणों के साथ उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र राजीनामा प्रस्तुत कर निवेदन किया कि पक्षकारान के मध्य राजीनामा हो गया है एवं पक्षकारान द्वारा राजीनामा के स्वरूप इबारत लिखकर मय नक्शा राजीनामा प्रार्थना पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पक्षकारान ने आगे निवेदन किया कि सभी पक्षकारान द्वारा विवादग्रस्त भूमि में सहमती के आधार पर अपनी-अपनी आराजी का एवं हिस्से का तय कर सलग्न नक्शे में प्रेषित कर दिया है एवं राजीनामाँ अनुसार रेस्पो संख्या 2 चन्द्रप्रकाश को भूमि खसरा नम्बर 384 रकबा 1.38 हैक्टेयर प्राप्त हुआ है जो सलग नक्शे में नारंगी रंग से दर्शाया गया है एवं अपीलांट कालूराम व अन्य रेस्पोडेन्ट्स संख्या 1,3 लगायत 5 क्रमशः नन्छुराम, रामपाल, श्रीमति प्रभाती, छीतरमल, को भूमि खसरा नम्बर 384/1 रकबा 1.61 हैक्टेयर प्राप्त हुई है जो सलग्न नक्शे में पीले रंग से दर्शाया गया है। पक्षकारान ने आगे निवेदन किया कि निर्णय व डिक्री जैर अपील निरस्त की जाकर पक्षकारान द्वारा प्रस्तुत राजीनामे के आधार पर बटवारे का निर्णय अपील में किया जावे। एवं राजस्व रिकार्ड में तदनुसार अलग-अलग खाता एवं लगान कायम किये जाने हेतु तहसीलदार आमेर को आदेश प्रदान किये जावे। हमने पक्षकारान को सुना एवं प्रार्थना पत्र राजीनामे का मय पत्रावली अवलोकन किया। पक्षकारान द्वारा उपस्थित होकर राजीनामा मय नक्शा प्रस्तुत कर तदनुसार पक्षकारान में राजीनामा हो जाने का कथन कर लोक अदालत की भावना से प्रकरण का निस्तारण करते हुये प्रार्थना पत्र राजीनामाँ एवं सलग्न नक्शे अनुसार अलग-अलग खाता एवं लगान कायम करने का निवेदन किया। अतः प्रकरण का गुणावगुण पर परीक्षण किये बगैर मात्र पक्षकारान की सहमती एवं राजीनामे के आधार पर निर्णय व डिक्री जैर अपील दिनांक 08/12/2017 अपील प्राधिकारी जयपुर	पहचान कर्ता एडवोकेट अ. कालूराम अ. प्रभाती रामपाल छीतर Chandraprakash पहचान कर्ता र. नं. 2 पहचान कर्ता रे.नं. 3,4,5 नन्छुराम सुरेन्द्र सिंह रेस्पो नं. 02

राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

तारीख हुक्म	1069/2017 कालूराम / नन्छुराम हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	निरस्त किये जाकर पक्षकारान द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र राजीनामाँ स्वीकार किया जाकर रेस्पो. संख्या 2 चन्द्रप्रकाश को भूमि खसरा नम्बर 384 रकबा 1.38 हैक्टेयर एवं अपीलांट कालूराम व रेस्पोडेन्ट्स संख्या 1,3 लगायत 5 क्रमशः नन्छुराम, रामपाल, श्रीमति प्रभाती, छीतरमल, को भूमि खसरा नम्बर 384/1 रकबा 1.61 हैक्टेयर के अनुसार खाता एवं लगान कायम किये जाने हेतु तहसीलदार आमेर को आदेश प्रदान किये जाते है। तदनुसार अपील स्वीकार की जाती है। प्रार्थना पत्र राजीनाम एवं नक्शा निर्णय का हिस्सा रहेगा। तहसीलदार आमेर को निर्णय की प्रति मय नक्शा प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश आज दिनांक 02/11/2020 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर	